**Series : GEF1H**

**SET ~ 1**

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code** **32/1/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

| **नोट / NOTE** | # |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।<br>Please check that this question paper contains **25** printed pages **+1** Map. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं।<br>Please check that this question paper contains **37** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**<br>**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र छः खण्डों में विभाजित है — **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **21** से **24** अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **25** से **29** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **30** से **33** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** से **36** केस/स्रोत-आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* ***खण्ड च** – प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न है, जिसमें दो भाग हैं – **37 (क)** इतिहास (**2** अंक) और **37 (ख)** भूगोल (**3** अंक)। इस प्रश्न के कुल **5** अंक हैं।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** *(20×1=20)*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 1866 में एकीकृत इटली का हिस्सा बना ? *1*

(A) सार्डिनिया-पीडमॉण्ट

(B) वेनेशिया

(C) सिसिली

(D) पेपल राज्य

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **37** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **six** sections — **Section A**, **B**, **C**, **D**, **E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions no. **1** to **20** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions no. **21** to **24** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions no. **25** to **29** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should not exceed **60** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions no. **30** to **33** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should not exceed **120** words.*

*(vii)* ***Section E** – Questions no. **34** to **36** are Case/Source-based questions with three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* ***Section F** – Question no. **37** is Map skill-based question with two parts – **37(a)** from History (**2** marks) and **37(b)** from Geography (**3** marks). This question carries total **5** marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

### (Multiple Choice Questions) *(20×1=20)*

**1.** Which one of the following regions became a part of unified Italy in 1866 ? *1*

(A) Sardinia-Piedmont

(B) Venetia

(C) Sicily

(D) Papal State

**2.** उन्नीसवीं सदी तक लोगों के यूरोप से अमेरिका जाने के निम्नलिखित कारणों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. ग़रीबी और भूख

II. ग़ुलामों की खरीद-फ़रोख़्त

III. बीमारियों का बोलबाला

IV. धार्मिक टकराव और दंड

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, II और IV सही हैं।

**3.** *'बुक ऑफ़ मार्वल्स'* के लेखक हैं : *1*

(A) मार्को पोलो

(B) कोलम्बस

(C) वास्को डी गामा

(D) अल्फ्रेड क्रॉस्बी

**4.** मान लीजिए कि आप 15वीं शताब्दी की प्रिंट संस्कृति पर शोध कर रहे हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा आपके शोध का सबसे महत्त्वपूर्ण लाभ होगा ? *1*

(A) दुर्लभ पांडुलिपियों तक आसान पहुँच

(B) पुस्तकालयों की आवश्यकता में कमी

(C) पाठों को हाथ से कॉपी करने की क्षमता में बढ़ोतरी

(D) प्रिंट में तेज़ी और सटीकता में वृद्धि

**2.** Read the following reasons of migration of people from Europe to America till the $19^{th}$ century and choose the correct option : *1*

I. Poverty and hunger

II. Slaves for sale

III. Wide spread of diseases

IV. Religious conflicts and persecution

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only I, II and IV are correct.

**3.** The author of *'Book of Marvels'* is : *1*

(A) Marco Polo

(B) Columbus

(C) Vasco da Gama

(D) Alfred Crosby

**4.** Assume you are doing research on $15^{th}$ century print culture. Which of the following would be the most significant advantage for your research ? *1*

(A) Easier access to rare manuscripts

(B) Reduced need for libraries

(C) Increase in the ability to copy text by hand

(D) Increased speed and accuracy of print

**5.** भारत में वनों के निम्नलिखित वर्गों को क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक से सबसे कम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. आरक्षित

II. रक्षित

III. अवर्गीकृत

**विकल्प :**

(A) III, II, I

(B) I, II, III

(C) II, III, I

(D) III, I, II

**6.** 'सरिस्का बाघ रिज़र्व' निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ? *1*

(A) मध्य प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) उत्तर प्रदेश

(D) महाराष्ट्र

**7.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I* *(बाँध)* | | *स्तंभ II* *(नदी)* |
|---|---|---|---|
| a. | हीराकुड | i. | चम्बल |
| b. | गाँधी सागर | ii. | कृष्णा |
| c. | नागार्जुन सागर | iii. | कावेरी |
| d. | मेट्टूर | iv. | महानदी |

**विकल्प :**

(A) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

5. Arrange the following categories of forests in India from the largest to the smallest in terms of area and choose the correct option : *1*

I. Reserved

II. Protected

III. Unclassed

**Options :**

(A) III, II, I

(B) I, II, III

(C) II, III, I

(D) III, I, II

6. 'Sariska Tiger Reserve' is located in which one of the following states ? *1*

(A) Madhya Pradesh

(B) Rajasthan

(C) Uttar Pradesh

(D) Maharashtra

7. Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(Dam)* | | *Column II* *(River)* |
|---|---|---|---|
| a. | Hirakud | i. | Chambal |
| b. | Gandhi Sagar | ii. | Krishna |
| c. | Nagarjuna Sagar | iii. | Kaveri |
| d. | Mettur | iv. | Mahanadi |

**Options :**

(A) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii

(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**8.** कृष्णा – गोदावरी मुद्दे में शामिल प्रमुख राज्यों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु

(B) महाराष्ट्र, कर्नाटक और आँध्र प्रदेश

(C) गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश

(D) झारखंड, आँध्र प्रदेश और ओडिशा

**9.** कल्पना कीजिए कि आप जनवरी में दिल्ली से चंडीगढ़ एक शादी में शामिल होने के लिए, सड़क मार्ग से जा रहे हैं। यात्रा के दौरान आप निम्नलिखित में से कौन-सी फ़सल खेतों में प्रमुखता से देखेंगे ? *1*

(A) चावल (धान)

(B) मक्का

(C) गेहूँ

(D) ज्वार

**10.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* खनिज हमारे जीवन के अति अनिवार्य भाग हैं।

*कारण (R) :* सभी सजीव वस्तुओं को खनिजों की आवश्यकता होती है।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

**8.** Choose the correct option regarding major states involved in the Krishna – Godavari issue : *1*

(A) Karnataka, Kerala and Tamil Nadu

(B) Maharashtra, Karnataka and Andhra Pradesh

(C) Gujarat, Maharashtra and Madhya Pradesh

(D) Jharkhand, Andhra Pradesh and Odisha

**9.** Imagine you are travelling from Delhi to Chandigarh to attend a wedding, by road in January. Which of the following crops will you notice prominently in the fields during the journey ? *1*

(A) Paddy

(B) Maize

(C) Wheat

(D) Jowar

**10.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Assertion (A)* : Minerals are an indispensable part of our lives.

*Reason (R)* : All living things need minerals.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**11.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

| | *स्तंभ I* (खनिज) | | *स्तंभ II* (प्रमुख खानें) |
|---|---|---|---|
| a. | लौह अयस्क | i. | गया |
| b. | अभ्रक | ii. | सिंगरौली |
| c. | बॉक्साइट | iii. | चंद्रपुर |
| d. | कोयला | iv. | मैकाल |

**विकल्प :**

(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

**12.** बेल्जियम ने अपनी बहुसंख्यकवाद की समस्या का समाधान निम्नलिखित में से किस प्रकार की शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करके किया ? *1*

(A) एकात्मक
(B) अध्यक्षात्मक
(C) संघात्मक
(D) संसदात्मक

**13.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : *1*

| | *(देश)* | | *(व्यवस्था)* |
|---|---|---|---|
| (A) | कनाडा | – | एकात्मक |
| (B) | बोलीविया | – | संघात्मक |
| (C) | ऑस्ट्रेलिया | – | एकात्मक |
| (D) | स्पेन | – | संघात्मक |

**14.** निम्नलिखित में से कौन-से राजनीतिक दल के मुख्य घटक हैं ? सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. नेता
II. सक्रिय सदस्य
III. समर्थक
IV. दबाव समूह

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल II, III और IV सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल I, II और IV सही हैं।

**11.** Match Column I with Column II and choose the correct option : *1*

| | *Column I* *(Minerals)* | | *Column II* *(Major Mines)* |
|---|---|---|---|
| a. | Iron ore | i. | Gaya |
| b. | Mica | ii. | Singarauli |
| c. | Bauxite | iii. | Chandrapur |
| d. | Coal | iv. | Maikala |

**Options :**

(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(B) a-iii, b-i, c-ii, d-iv
(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

**12.** Belgium solved its problem of majoritarianism by strengthening which of the following types of government ? *1*

(A) Unitary
(B) Presidential
(C) Federal
(D) Parliamentary

**13.** Choose the correctly matched pair from the following : *1*

| | *(Country)* | | *(System)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Canada | – | Unitary |
| (B) | Bolivia | – | Federal |
| (C) | Australia | – | Unitary |
| (D) | Spain | – | Federal |

**14.** Which of the following are the main components of a political party ? Choose the correct option : *1*

I. Leaders
II. Active members
III. Followers
IV. Pressure groups

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only II, III and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

**15.** 'विश्व मानव विकास सूचकांक' से संबंधित निम्नलिखित तालिका का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए : *1*

| *क्र. सं.* | *देश* | *विश्व में मानव विकास सूचकांक का क्रमांक* |
|---|---|---|
| 1. | भारत | 130 |
| 2. | म्यांमार | 148 |
| 3. | नेपाल | 149 |
| 4. | पाकिस्तान | 150 |

दिए गए देशों में से, निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'मानव विकास सूचकांक' में उच्चतम स्थान रखता है ?

(A) पाकिस्तान (B) भारत
(C) नेपाल (D) म्यांमार

**16.** 'X' एक कस्बे में रहता है। वह फूलों की खेती के साथ-साथ पशुपालन भी करता है। 'X' का कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आएगा ? *1*

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक
(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

**17.** दिए गए चित्र को देखिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :



चित्र में किया जाने वाला कार्य अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? *1*

(A) प्राथमिक (B) चतुर्थक (C) द्वितीयक (D) तृतीयक

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **17** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से किसका कार्य अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्रक में आता है ? *1*

(A) मधुमक्खी पालक (B) साहूकार
(C) टोकरी बुनकर (D) मछुआरा

**15.** Study the following table related to 'World Human Development Index' and answer the questions given below : *1*

| *S. No.* | *Country* | *HDI Rank in the world* |
|---|---|---|
| 1. | India | 130 |
| 2. | Myanmar | 148 |
| 3. | Nepal | 149 |
| 4. | Pakistan | 150 |

Amongst the given countries, which one of the following countries has the highest rank in 'Human Development Index' ?

(A) Pakistan (B) India

(C) Nepal (D) Myanmar

**16.** 'X' lives in a town. He cultivates flowers along with animal husbandry. The work of 'X' will fall under which sector of the economy ? *1*

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

**17.** Look at the given picture and answer the question that follow :



The work being done in the picture falls under which sector of the economy ? *1*

(A) Primary (B) Quaternary (C) Secondary (D) Tertiary

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***17****.*

The work of which of the following comes in the secondary sector of the economy ? *1*

(A) Bee-keeper (B) Moneylender

(C) Basket weaver (D) Fisherman

**18.** ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए सरकारी बैंकों से ऋण लेना कठिन क्यों हो जाता है ? निम्नलिखित कारणों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : *1*

I. ऋणाधार का अभाव

II. जटिल प्रक्रिया

III. ऋण की उच्चतर लागत

IV. जागरूकता का अभाव

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल II, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, II और IV सही हैं।

(D) केवल I, III और IV सही हैं।

**19.** भारत के शहरी क्षेत्रों में निम्नलिखित में से कौन-सा समूह अपनी ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनौपचारिक स्रोतों पर निर्भर है ? *1*

(A) ग़रीब परिवार

(B) कम संपत्ति वाले परिवार

(C) दोनों, ग़रीब और कम संपत्ति वाले परिवार

(D) दोनों, समृद्ध और कम संपत्ति वाले परिवार

**20.** नीचे दो कथन I एवं II दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*कथन I :* प्रौद्योगिकी में तीव्र उन्नति वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित करने वाला एक मुख्य कारक है।

*कथन II :* इसने लंबी दूरियों तक वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति को कम लागत पर संभव किया है।

**विकल्प :**

(A) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I की सही व्याख्या है।

(B) कथन I और II दोनों सही हैं, परन्तु कथन II, कथन I की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) कथन I सही है, परन्तु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परन्तु कथन II सही है।

**18.** Why does it become difficult for farmers in rural areas to take loans from government banks ? Read the following reasons and choose the most appropriate option : *1*

I. Lack of collateral

II. Complicated procedure

III. Higher cost of borrowing

IV. Lack of awareness

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only I, III and IV are correct.

**19.** Which of the following groups in urban India depend on informal sources to meet their credit needs ? *1*

(A) Poor households

(B) Households with few assets

(C) Both poor households and households with few assets

(D) Both well-off households and households with few assets

**20.** Two statements I and II are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

*Statement I :* Rapid improvement in technology has been one major factor to stimulate the globalisation process.

*Statement II :* This has made much faster delivery of goods across long distances possible at lower costs.

**Options :**

(A) Both statements I and II are correct and statement II is the correct explanation of statement I.

(B) Both statements I and II are correct, but statement II is ***not*** the correct explanation of statement I.

(C) Statement I is correct, but statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but statement II is correct.

## खण्ड ख

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(4×2=8)*

**21.** (क) भारत में 'आधुनिक राष्ट्रवाद' के उदय में उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) गाँधीजी ने क्यों कहा कि 'सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है' ? दो तर्क देकर स्पष्ट कीजिए। *2*

**22.** संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग के कारण उत्पन्न 'वैश्विक पारिस्थितिकी' की किन्हीं दो समस्याओं की व्याख्या कीजिए। *2*

**23.** लैंगिक असमानता को दूर करने के कोई दो उपाय सुझाइए। *2*

**24.** भारत में 1990 के दशक में शुरू की गई उदारीकरण की प्रक्रिया ने किस प्रकार वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया ? स्पष्ट कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *(5×3=15)*

**25.** "आदिवासी किसानों ने महात्मा गाँधी के संदेश और 'स्वराज' के विचार का कुछ और ही मतलब निकाला।" असहयोग आंदोलन के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** रिंझा की कहानी को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**रिंझा की कहानी**

रिंझा असम में डिफु के बाहरी क्षेत्र में अपने परिवार के साथ एक छोटे गाँव में रहती है। वह अपने परिवार के सदस्यों द्वारा एक भूमि के टुकड़े पर उगी वनस्पति को काटकर व जलाकर साफ करते देख कर आनन्द का अनुभव करती है। वह प्राय: परिवार के सदस्यों के साथ बाँस के नाले द्वारा समीप के झरने से पानी लाकर अपने खेत को सिंचित करने में सहायता करती है। वह अपने परिस्थान से लगाव रखती है और जब तक संभव हो यहाँ रहना चाहती है। परन्तु इस छोटी बच्ची को अपने खेत में मिट्टी की घटती उर्वरता के बारे में कुछ भी पता नहीं है जिसके कारण उसके परिवार को अगले वर्ष नए भूमि के टुकड़े की तलाश करनी होगी।

*रिंझा का परिवार किस प्रकार की खेती कर रहा है ? उसकी किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।* *1+2=3*

## SECTION B

**(Very Short Answer Type Questions)** *(4×2=8)*

**21.** (a) Explain the role of anti-colonial movement in the rise of 'modern nationalism' in India. *2*

**OR**

(b) Why did Gandhiji say 'Satyagraha is pure soul-force' ? Explain by giving two arguments. *2*

**22.** Explain any two problems of the 'global ecology' arising due to indiscriminate use of resources. *2*

**23.** Suggest any two measures to remove gender inequality. *2*

**24.** How did the process of liberalisation initiated in India in the 1990s, promote globalisation ? Explain. *2*

## SECTION C

**(Short Answer Type Questions)** *(5×3=15)*

**25.** "Tribal peasants interpreted the message of Mahatma Gandhi and the idea of 'Swaraj' in yet another way." Explain the statement in the context of Non-Cooperation Movement. *3*

**26.** Read the story of Rinjha and answer the question that follows :

**Story of Rinjha**

Rinjha lived with her family in a small village at the outskirts of Diphu in Assam. She enjoys watching her family members clearing, slashing and burning a patch of land for cultivation. She often helps them in irrigating the fields with water running through a bamboo canal from the nearby spring. She loves the surroundings and wants to stay here as long as she can, but this little girl has no idea about the declining fertility of the soil and her family's search for a fresh patch of land in the next season.

*What type of farming is Rinjha's family doing ? Describe any two of its characteristics.* *1+2=3*

**27.** "वह लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अच्छी मानी जाती है जिसमें अधिक-से-अधिक नागरिकों को राजनीतिक सत्ता में हिस्सेदार बनाया जाए।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**28.** (क) लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) भारत ने बहुदलीय व्यवस्था को क्यों अपनाया ? उचित तर्कों सहित व्याख्या कीजिए । *3*

**29.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रक में अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। *3*

## खण्ड घ

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) *(4×5=20)*

**30.** (क) प्रशासनिक व्यवस्था को तर्कसंगत और कुशल बनाने में 'नेपोलियन संहिता' के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) उन्नीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में यूरोप में उदारवाद किस प्रकार राष्ट्रीय एकता से जुड़ा हुआ था ? विश्लेषण कीजिए। *5*

**31.** (क) "विनिर्माण उद्योग किसी देश के आर्थिक विकास की रीढ़ समझे जाते हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**अथवा**

(ख) "कृषि तथा उद्योग एक-दूसरे के पूरक हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *5*

**32.** (क) लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले किन्हीं पाँच आधारों की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) लोकतंत्र के किन्हीं पाँच मूल्यों की व्याख्या कीजिए। *5*

**33.** (क) "हाल के प्रमाण बताते हैं कि देश के कई भागों में भूमिगत जल का अति उपयोग एक गंभीर संकट बनता जा रहा है।" विकास की धारणीयता के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "विभिन्न श्रेणी के लोगों के विकास के लक्ष्य भिन्न हो सकते हैं।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**27.** "That democratic system of government is considered good in which maximum number of citizens are made stakeholders in political power." Explain the statement with suitable arguments. *3*

**28.** (a) Explain the importance of political parties in democracy. *3*

**OR**

(b) Why did India adopt the multiparty system ? Explain with suitable arguments. *3*

**29.** Explain the difference between public and private sector of Indian economy with example. *3*

## SECTION D
### (Long Answer Type Questions) *(4×5=20)*

**30.** (a) Analyse the significance of the 'Napoleonic Code' in making the administrative system rational and efficient. *5*

**OR**

(b) How was liberalism allied to national unity in Europe in the early decades of the $19^{th}$ century ? Analyse. *5*

**31.** (a) "Manufacturing industries are considered the backbone of the economic development of a country." Justify the statement. *5*

**OR**

(b) "Agriculture and industries complement each other." Justify the statement. *5*

**32.** (a) Explain any five bases for assessing the outcomes of democracy. *5*

**OR**

(b) Explain any five values of democracy. *5*

**33.** (a) "Recent evidence suggests that overuse of groundwater is becoming a serious threat in many parts of the country." Evaluate the statement in the context of sustainability of development. *5*

**OR**

(b) "The development goals of different categories of people may differ." Evaluate the statement. *5*

## खण्ड ङ

**(केस/स्रोत-आधारित प्रश्न)** *(3×4=12)*

**34.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### प्रिंट और प्रतिबंध

मुद्रित शब्द की ताक़त का अंदाज़ा अकसर सरकार द्वारा उसको नियंत्रित करने की कोशिशों से मिलता है। भारत में औपनिवेशिक प्रशासन हमेशा तमाम किताबों और पत्र-पत्रिकाओं पर नज़र रखता था तथा प्रेस पर नियंत्रण रखने के लिए बहुत-से कानून पारित करता था।

पहले विश्व युद्ध के दौरान, भारतीय रक्षा नियम के तहत, 22 अख़बारों को ज़मानत देनी पड़ी थी। इनमें से 18 ने सरकारी आदेश मानने की जगह खुद को बंद कर देना उचित समझा। रॉलट के अधीन कार्यरत षड्यंत्र समिति ने 1919 में विभिन्न अख़बारों के ख़िलाफ जुर्माना आदि कार्रवाइयों को और सख़्त बना दिया। द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत पर, भारतीय रक्षा अधिनियम पारित किया गया, ताकि युद्ध-संबंधी विषयों को सेंसर किया जा सके। भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी तमाम रपटें इसी के तहत सेंसर होती थीं। अगस्त 1942 में तक़रीबन 90 अख़बारों का दमन किया गया।

(34.1) 'सेंसर' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। *1*

(34.2) औपनिवेशिक प्रशासन किताबों और पत्र-पत्रिकाओं पर क्यों नज़र रखता था ? *1*

(34.3) गाँधीजी ने रॉलट एक्ट के विरुद्ध देशव्यापी सत्याग्रह क्यों शुरू किया ? किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए। *2*

**35.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

### ब्राज़ील का एक प्रयोग

ब्राज़ील के शहर पोर्तो एलग्रे ने विकेंद्रीकरण और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी वाले लोकतंत्र के मेल का एक विलक्षण प्रयोग किया है। इस शहर के नगर-परिषद के समांतर एक संगठन खड़ा किया गया और अपने शहर के बारे में वास्तविक फ़ैसले करने का अधिकार स्थानीय निवासियों को दिया गया है। इस शहर के करीब 13 लाख लोग अपने शहर का बजट तैयार करने में भागीदारी करते हैं। शहर को अनेक उप-क्षेत्रों में बाँटा गया है — लगभग वैसे ही जिन्हें हम वार्ड कहते हैं। हर उप-क्षेत्र की अपनी-अपनी बैठक होती है जिसका स्वरूप ग्राम सभा की तरह है और इसमें उस इलाक़े के सभी नागरिक भाग ले सकते हैं। फिर, कुछ बैठकें पूरे शहर को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर होती हैं और उसमें शहर का कोई भी नागरिक भाग ले सकता है। इसमें शहर के बजट पर चर्चा होती है। इसके बाद इन प्रस्तावों को नगरपालिका के सामने पेश किया जाता है जो अंतिम फ़ैसला लेती है।

## SECTION E

**(Case/Source-Based Questions)** *(3×4=12)*

**34.** Read the given source and answer the questions that follow :

### Print and Censorship

The power of the printed word is most often seen in the way governments seek to regulate and suppress print. The colonial government kept continuous track of all books and newspapers published in India and passed numerous laws to control the press.

During the First World War, under the Defence of India Rules, 22 newspapers had to furnish securities. Of these, 18 shut down rather than comply with government orders. The Sedition Committee Report under Rowlatt in 1919 further strengthened controls that led to imposition of penalties on various newspapers. At the outbreak of the Second World War, the Defence of India Act was passed, allowing censoring of reports of war-related topics. All reports about the Quit India movement came under its purview. In August 1942, about 90 newspapers were suppressed.

(34.1) Explain the meaning of 'censor'. *1*

(34.2) Why did the colonial administration keep an eye on books and newspapers ? *1*

(34.3) Why did Gandhiji start a nationwide Satyagraha against the Rowlatt Act ? Explain any two reasons. *2*

**35.** Read the given source and answer the questions that follow :

### An Experiment in Brazil

A city called Porto Alegre in Brazil has carried out an extraordinary experiment in combining decentralisation with participative democracy. The city has set up a parallel organisation operating alongside the municipal council, enabling local inhabitants to take real decisions for their city. The nearly 13 lakh people in this city get to participate in making the budget for their own city. The city is divided into many sectors or what we call wards. Each sector has a meeting, like that of the gram sabha, in which anyone living in that area can participate. There are some meetings to discuss issues that affect the entire city. Any citizen of the city can participate in those meetings. The budget of the city is discussed in these meetings. The proposals are put to the municipality that takes a final decision about it.

(35.1) 'सहभागी लोकतंत्र' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए। *1*

(35.2) शक्तियों के बँटवारे के संदर्भ में, दिया गया उदाहरण किस प्रकार की शासन प्रणाली को परिभाषित करता है ? *1*

(35.3) ब्राज़ील के उपर्युक्त उदाहरण से लगभग मिलती-जुलती भारत की व्यवस्था के गठन का वर्णन कीजिए। *2*

**36.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**सहकारी समितियों से ऋण**

बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य प्रमुख स्रोत सहकारी समितियाँ हैं। सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं। कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव है, जैसे – किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ । कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नज़दीक एक गाँव में काम करती है । इसके 2300 किसान सदस्य हैं। यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती है। इस जमा पूँजी को ऋणाधार मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है । इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज़ देने के लिए किया जाता है। यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज़ का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है।

कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के ख़र्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है।

(36.1) सहकारी समितियाँ ऋण के किस स्रोत के अंतर्गत आती हैं ? *1*

(36.2) सहकारी समितियों की पूँजी के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(36.3) किसानों की आय वृद्धि में सहकारी समितियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। *2*

(35.1) Explain the meaning of 'participatory democracy'. *1*

(35.2) In the context of separation of powers, the given example defines which type of government ? *1*

(35.3) Describe the structure of the system in India which is almost similar to the above example of Brazil. *2*

**36.** Read the given source and answer the questions that follow :

**Loans From Cooperatives**

Besides banks, the other major source of cheap credit in rural areas are the cooperative societies (or cooperatives). Members of a cooperative pool their resources for cooperation in certain areas. There are several types of cooperatives possible such as farmers cooperatives, weavers cooperatives, industrial workers cooperatives, etc. Krishak Cooperative functions in a village not very far away from Sonpur. It has 2300 farmers as members. It accepts deposits from its members. With these deposits as collateral, the Cooperative has obtained a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. Once these loans are repaid, another round of lending can take place.

Krishak Cooperative provides loans for the purchase of agricultural implements, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for construction of houses and for a variety of other expenses.

(36.1) Cooperative societies come under which source of credit ? *1*

(36.2) Mention any two sources of capital of cooperative societies. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(36.3) Explain the role of cooperative societies in increasing the income of farmers. *2*

## खण्ड च

### (मानचित्र कौशल-आधारित प्रश्न) *(2+3=5)*

**37.** (क) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर), में दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

B. वह स्थान जहाँ से गाँधीजी ने दांडी मार्च की शुरुआत की थी ।

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***37 (क)*** *के स्थान पर हैं ।*

(क) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ से गाँधीजी ने दांडी मार्च की शुरुआत की थी । *2×1=2*

(ख) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में, निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) जूट उत्पादन में अग्रणी राज्य

(ii) गुजरात में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(iii) झारखंड में स्थित प्रमुख लौह-इस्पात संयंत्र

(iv) श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***37 (ख)*** *के स्थान पर हैं ।*

(ख) *किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* *3×1=3*

(i) जूट उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए ।

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ झारखंड में लौह-इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(iv) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है ।

## SECTION F

**(Map Skill-Based Questions)** *(2+3=5)*

**37.** (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of **India** (on page 27). Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *2×1=2*

A. The place where the session of Indian National Congress was held in 1920.

B. The place where Gandhiji started Dandi March.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (a)****.*

(a) (i) Name the place where the session of Indian National Congress was held in 1920.

(ii) Name the place where Gandhiji started Dandi March. *2×1=2*

(b) On the same political outline map of **India**, locate and label any ***three*** of the following with suitable symbols : *3×1=3*

(i) Leading state in production of Jute

(ii) Atomic Power Plant located in Gujarat

(iii) Iron and Steel Plant located in Jharkhand

(iv) Sri Guru Ram Das Jee International Airport

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***37 (b)****.*

(b) *Attempt any* ***three*** *questions.* *3×1=3*

(i) Name the leading state in production of Jute.

(ii) Name the place where an Atomic Power Plant is located in Gujarat.

(iii) Name the place where an Iron and Steel Plant is located in Jharkhand.

(iv) Name the place where Sri Guru Ram Das Jee International Airport is located.

#

प्रश्न सं. 37 के लिए

**For question no. 37**

